# सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दौरान उद्यान मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

## मैंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आप सबकी सेवा व सम्मान किया

तेजयुग न्यूज़

**रायबरेली।** उद्यानमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दूसरे चरण में विकास खंड सरेनी के निसगर से अपनी पदयात्रा आरंभ की। पद्यात्रा दुधवन, खड़े सराय, सैदापुर, भूपगंज, रामपुर, रालपुर, बेनी माधवगंज, पूरे पांडे, झामपुर व हथनाशा, सरेनी बाजार तक पद्यात्रा की। इसके अतिरिक्त उद्यान मंत्री ने कोटिया, एहतमानी, रानीखेड़ा, बैरुवा में चैपाल लगाई और साहनीपुर, मलके गांव व लखन गांव में जनसभा का आयोजन किया। जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि मैंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आप सबकी सेवा व सम्मान किया है। आपके सुख दुख में शामिल होता हूँ। आपके क्षेत्र का विकास करता हूँ। अब आप लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भाजपा का निशान कमल के फूल की बटन दबाकर सांसद बनाये।



यह आपका बेटा आपका भाई व आपका नेता दिन रात एक करकं आपका सुख दुख में शामिल हांकर आपका सम्मान करंगा, आपकी सेवा करंगा, आपकं क्षेत्र का चहुमुखी विकास करंगा। उन्होंने कहा कि जो जीत का प्रमाण पत्र तो दूर पांच साल तक जनता कं बीच नही आयी। आपकं दर्द को जानना उचित नही समझा। वह आपकं क्षेत्र का क्या विकास करंगी। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। यात्रा के दौरान मंत्री ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया और शहीदों को याद किया। इसी परिपेक्ष में उन्होंने सरेनी ब्लॉक सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने यात्रा के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में गंभीरता पूर्वक चर्चा करते हुए निर्देश दिया की जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इस बार का ध्यान रखा जाए कि लोगो को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पद्यात्रा के दौरान कल्लू सिंह, प्रधान गहरौली, खिन्नी सिंह, प्रधान देवपुर, पप्पू सिंह, प्रधान प्रेमचन्द्र, पाहो प्रधान राम सिंह, धुन्नी सिंह, मुकंश तिवारी, बीडीसी लाल बहादुर सिंह, राम सनेही साहू, मंडल अध्यक्ष सेमरी कालिका पण्डित, कौशलेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नवाबगंज पुलिस ने नाबालिग लड़की भगाने के वांछित को धरदबोचा

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दिलावर को चक्रशूल रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। थाना नवाबगंज क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना नवाबगंज में लिखित तहरीर दी गयी की विपक्षी दिलावर उसकी बहन को बहला-फुसला कर भगा ले गया है।

# किसान निधि सम्मान पाकर खिले किसानों के चेहरे

तेजयुग न्यूज़

**नसीराबाद/रायबरेली :** लोक सभा चुनाव होने के पहले पीएम किसान सम्मान निधि राशि की 16 वीं किस्त किसानों के खातों में पहुंचते ही उनके चेहरे खिल उठे। यह राशि एक मार्च 2024 से किसानों के खातों में आ रही है। बताते चलें कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के हित के लिए यह योजना करीब 2019 में आयोजित की गई तब से लेकर आज तक लगातार किसानों के खातों में यह राशि भेजी जा रही है।



साल में छः हजार रूपए पीएम किसान सम्मन निधि द्वारा किसानों को मिल रहा है राशि पाकर किसान अपनी फसल को और उपजाऊ बनाने के लिए फसल में खाद सल्फर जिंक व बीज आदि की खरीददारी आराम से कर ले रहा है। यह राशि वर्ष में तीन बार किसानों के खातों मे आती है जो मिलाकर कुल 6000 हजार रुपए प्रति वर्ष में किसानो को मिलता है। क्षेत्र के किसान सुरेश कुमार पांडे जमुना प्रसाद पांडे उमाशंकर राम प्रसाद बब्बन खां कुलदीप राम मनोहर राधे श्याम रामसमुझ रामनरेश राम केवल राम सुमिरन देवशरण बेद प्रकाश बिनोद कधयी बुधराम हीरालाल आदि लोगों का कहना है कि पीएम किसान सम्मान निधि की 16 वीं किस्त मिल चुकी है जो फसल में लगाकर उपजाऊ बनाएंगे क्षेत्रवासियों ने 16 वीं किस्त पाकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है।

# 5 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा विकसित भारत मोदी गारंटी अभियान

तेजयुग न्यूज़

**रायबरेली।** भारतीय जानता पार्टी सिविल लाइंस स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पर विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के तहत संकल्प पत्र संकलन एवं वीडियो वैन को लेकर बैठक व प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता



भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने किया। मुख्य अथिति ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा रहे। भाजपा जिलाअध्यक्ष ने मीडिया को संबोधित करते हुए।

कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए भाजपा द्वारा पूरे देश में 'संकल्प पत्र सुझाव अभियान' आरंभ किया गया जो कि एलईडी वैन के माध्यम से विधान सभाओं में प्रतिदिन 10 कार्यक्रम का आयोजन होगा। विकसित भारत मोदी की गारंटी वैन के साथ भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। साथ ही सुझाव पेटिका भी रहेगी। सुझाव पेटिका विधानसभा वार रखी जाएगी। अभियान के माध्यम से भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु लोगो के सुझाव एकत्र किया जाएगा। यह अभियान 5 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा।

ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बताया कि इसके लिए ज़िला अभियान समिति बनेगी। ज़िला स्तर पर एक संयोजक 2 सह संयोजक होगे जिसमे से एक ज़िला पेटी प्रभारी होगा। लोकसभा में 2 एल ई डी प्रचार वाहन लोकसभा संयोजक होगा। एल ई डी प्रचार वाहन द्वारा सभी विधान सभाओं में छोटी सभाओं का आयोजन होगा7 इस मौके पर विनोद बाजपेयी,सुरेंद्र सिंह दाढ़ी व कार्यक्रम में ज़िला पदाधिकारी मण्डल प्रभारी मौजूद रहे।

### आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला विकास कार्यों की खुली पोल

# गोंडा मोड़ तिराहे से फक्कड़ दास बाबा मंदिर की सड़क बारिश में बन जाती है ताल तलैया

तेजयुग न्यूज़

**उतरौला (बलरामपुर)/आलोक गुप्ता :** आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के विकास कार्यों की पोल खोलती गोंडा मोड तिराहे से फक्कड़ दास बाबा मंदिर की सड़क, थोड़े से बारिश में ताल तलैया बन गई।



इस कीचड़ और गड्ढे युक्त सड़क में एक तरफ जहां राहगीरों का चलना दुश्वार है वहीं दूसरी तरफ दुकानदारों का भी बुरा हाल है। अगर पालिका परिषद द्वारा लगातार सफाई कराई जाती तो शायद यहां पर इतनी गंदगी ना पनपती। सब्जी आड़ती सल्लू राइनी ने बताया की पालिका परिषद द्वारा हम लोगों को हर दशा में दरकिनार किया गया है।

सब्जी विक्रेता जान मोहम्मद ने कहा कि विगत कई सालों से सब्जी मंडी के लिए दुकान बनवाए गए हैं लेकिन पालिका परिषद द्वारा अभी तक हम लोगों को नहीं दिया गया है। वही पपलू रायनी ने कहा कि अगर सब्जी मंडी में हम लोगों को दुकान नहीं दिया जाएगा तो हम लोग चुनाव का बहिष्कार करेंगे। कुछ क्षेत्रीय लोगों ने पालिका परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यों की धरातल पर जांच होनी चाहिए जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग ना हो सके और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो।

# थाना पचपेड़वा में बनाए गए मंदिर के मुख्य द्वार का हुआ उदघाटन




**पचपेड़वा (बलरामपुर)/मोहम्मद रईस :** थाना पचपेड़वा में बनाए गए मंदिर के मुख्य द्वार का उदघाटन अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर योगेश कुमार ने विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए किया। थाना पचपेड़वा में सबसे पहले मंदिर का भव्य निर्माण प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के अथक प्रयास और क्षेत्र वासियों के सहयोग से संपन्न हुआ था उसके बाद मुख्य द्वार का निर्माण किया गया जिसका उदघाटन आज अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर योगेश कुमार के द्वारा पूजा अर्चना करते हुए किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह,प्रभारी निरीक्षक गैसडी राजकुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर संतोष त्रिपाठी, उप निरीक्षक डी पी सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा,समाज सेवी उमेश पांडेय,अजय जयसवाल,जिला पंचायत सदस्य चंद्र शेखर यादव सहित पुलिस मौजूद थे।

# पिपरा महिमा अल जामेअतुल हशमतिया आस्ताना आलिया मासूमे मिलत पर उर्स चेहल्लुम का आयोजन

शाहिद हुसैन

**सादुल्लाहनगर(बलरामपुर) :** मजहब ए इस्लाम के खिलाफ उठने वाले हर फितने और साजिश को बेनकाब करना और उसको खत्म करना ही खानकाहे हशमतिया का मिशन है, हजरत मासूमे मिल्लत अलैहिर रहमा ने अपने बुजुर्गो के इसी मिशन को पूरी जिंदगी लोगों तक पहुंचाया और अब हजरत इदरीश रजा खान हशमती की सरपरस्ती में यह खान वादा इस मिशन को आगे बढ़ाता रहेगा।



यह पैगाम गुरुवार को पिपरा महिमा अल जामेअतुल हशमतिया आस्ताना आलिया मासूमे मिलत पर होने वाले उर्स चेहल्लुम की महफिल को संबोधित करते हुए मुफ्ती मोहम्मद मेहरान रजा हशमती ने कहा कि हमें कोई डराने और धमकाने या लालच देने की बेवकूफियां न करें क्योंकि हमें हमारे बुजुर्गों ने यही शिक्षा दी है की माल देना पड़े तो माल दे देना और जान देना पड़े तो जान भी दे देना', मुफ्ती मोहम्मद फारान रजा खान हशमती ने मासूमें मिल्लत की दीनी खिदमत और उनकी करामात बयान किया और अहले सुन्नत वल जमाअत के अकीदे की तर्जुमानी की।

मुफ्ती अब्दुल रहमान कादरी ने कहा कि सीधा रास्ता उनका है जिन पर अल्लाह का इनआम हुआ है और यह रास्ता नबियों का है अहलेबैत और सहाबा का है, औलिया अल्लाह और शोहदा व स्वालिहीन का है, और उन्ही स्वालीहीन में सरकार आला हजरत इमाम अहमद रजा खान फाजिले बरेलवी, शेर बे शए अहले सुन्नत और आपका पूरा खानवादा भी शामिल है । उनके अलावा शहजादा ए हुजूर मासूमें मिलत मौलाना अलहाज मुफ्ती मोहम्मद फरमान रजा खान हशमती मौलाना मुफ्ती मोहम्मद सनाबिल रजा खान हशमती, मौलाना मुफ्ती मोहम्मद शमाइल रजा खान हशमती मौलाना मुफ्ती मशारिबुल हशमत खान हशमती मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मनाकिब रजा खान हशमती,मौलाना मुफ्ती रियाज हैदर हनफी हशमती, मौलाना मोहम्मद मुहामिदुल हशमत ने खिताब किया।

इस मौके पर मौलाना हंजला रजा, मौलाना कारी अब्दुल हफीज हशमती, मौलाना मुफ्ती नकीबुर्रहमान कानपुरी समेत खानवादा हशमतिया के तमाम शहजादगान बड़ी तादाद में उलमा ए कराम और अकीदत मंद मौजूद रहे। आखिर में कारी शरफुद्दीन खान हशमती ने बाहर से आए हुए तमाम जायरीन और अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया।

# कोतवाली नगर पुलिस ने लड़की भगाने और दुराचार के वांछित को धरदबोचा

तेजयुग न्यूज़

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को. नगर पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सूरज कुमार को लालपुर चन्द्रभान मोड लखनऊ गोण्डा मार्ग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।



थाना को. नगर क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना को. नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी लड़की कल सुबह से गायब है और अभी तक घर नही पहुँची। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त सूरज कुमार को आज दिनांक 03.03.2024 को थाना को. नगर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# नवाबगंज पुलिस ने चोरी करने के वांछित अभियुक्त को धरदबोचा

तेजयुग न्यूज़

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुरजीत को तुलसीपुर मांझा से गिरफ्तार कर लिया गया।



रजत गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता नि0 मोहल्ला मुट्ठीगंज थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना नवाबगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि तिवारी मार्केट स्थित उसकी दुकान में अज्ञात चोरो द्वारा शटर का तालातोड़ कर चोरी की गयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त सुरजीत को आज दिनांक 03.03.2024 को थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा तुलसीपुर मांझा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1700 रू0 व 01 अदद आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### दुष्कर्म के एक मामला

# जिला जज ने सुनाई आरोपी को पंद्रह वर्ष का कारावास और डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड की सजा

टी.बी. लाल



**बलरामपुर :** छः वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले में जिला जज ने आरोपी को पंद्रह वर्ष का कारावास और डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।मामला रेहरा बाजार थाना क्षेत्र का है। वादिनी/पीड़िता काजल(काल्पनिक नाम) ने थाना रेहरा बाजार में इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 11.10.18 को जब वह अपने घर पर अपने ढाई तीन साल की बच्ची के साथ थी तभी लगभग रात 8 बजे शफीक निवासी अगया बुजुर्ग घर में घुस आया और उसके साथ बलात्कार किया।

यह मुकदमा अभियुक्त शफीक के विरुद्ध दर्ज हुआ थाऔर विवेचना के पश्चात आरोप पत्र न्यायालय में आया था। मुकदमा सत्र सुपुर्द होने के पश्चात् सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोप विरचित किया गया। अभियोजन पक्ष से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने कुल 7 गवाहों को परीक्षित किया। पीड़िता ने न्यायालय में घटना का समर्थन किया। महिला चिकित्सक और विवेचक भी परीक्षित हुए।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने अभियोजन केस को संदेह से परे साबित माना तथा अभियुक्त शफीक को धारा 376 भा.द.सं. में दस वर्ष का सश्रम कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड तथा धारा 452 भा द स में पांच वर्ष का सश्रम कारावास और पचास हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि में से एक लाख रुपए बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को दिया जाएगा। अभियोजन पक्ष से पूरी पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने किया।

# खोड़ारे पुलिस ने लड़की को बहला-फुसला कर भगाने के वांछित दबोचा

तेजयुग न्यूज़

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना खोड़ारे पुलिस टीम द्वारा भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जयप्रकाश जायसवाल को दबोच लिया

थाना खोड़ारे क्षेत्र की रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना खोड़ारे में लिखित तहरीर दी गयी की विपक्षी जयप्रकाश जायसवाल द्वारा उनकी लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। वादी की तहरीर पर थाना खोड़ारे में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा विवेचना



उ0नि0 अजय कुमार सिंह को सुपुर्द की गयी थी। आज दिनांक 03.03.2024 को थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाये गए आरोपी अभियुक्त जयप्रकाश जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# गोण्डा के समस्त थानों में चलाया गया एंटी रायट ड्रिल

तेजयुग न्यूज़

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अराजक तत्वों/उपद्रवियों से निपटने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगणों/प्र0नि0/थानाध्यक्षों को अपने निकट पर्यवेक्षण में पुलिस कर्मियों को एंटी रायट ड्रिल का अभ्यास कराने व डिस्प्ले लगाकर दंगा नियंत्रण उपकरणों के सम्बन्ध में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 03.03.2024 को समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अधीनस्थ नियुक्त पुलिस कर्मियों से एण्टी रायट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस, टियर गैस ग्रेनेड, मिर्ची बम व पंप एक्शन गन व अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास कराया गया तथा डिस्प्ले लगाकर दंगा नियंत्रण उपकरणों के सम्बन्ध में गहनता से जानकारी दी गयी जिससे किसी भी अकास्मिकता की स्थिति में पुलिस बल द्वारा अराजक तत्वों से कुशलता से निपटा जा सके।




# पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मनकापुर थाने का किया निरीक्षण



## एसपी ने संवेदन शील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश

तेजयुग न्यूज़

**गोण्डा।** आज दिनांक 03.03.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना मनकापुर का निरीक्षण कर अब तक की गयी चुनाव सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया गया तथा क्षेत्राधिकारी/प्र0नि0 मनकापुर को चुनाव सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात महोदय द्वारा चुनाव के दृष्टिगत जनपद गोण्डा को आवंटित होने वाली पैरामिलिट्री फोर्स के रूकने/ठहरने के लिए किए गए पुलिस प्रबंधो को मानक के अनुरूप निरीक्षण किया गया। एसपी द्वारा भारी पुलिस बल के साथ मनकापुर थानाक्षेत्र के अन्तर्गत चिन्हित संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

